गोपीचंद भरत
गुरु गोरखनाथ
गोपी चंद
पंडित केशवप्रसाद सुदे ने आगरा बेलनगंज मुहै
ल्ला भैरव पर विद्यारत्नाकर प्रेस में छपाया ॥

रानी जी तुम हो राज कुमारि हुकम तेरा री बजाऊं॥ चार घड़ी गम खाय बोलि राजा को ल्याऊं॥ दो०। दूनी तलब चुकाय दूं बाकी तुझै इनाम॥ राजा ल्यावो बुलाय के तो परे महल में काम॥ चौ०। प्यारेजी परे महल में काम हमें तू का समझावै॥ हम को भये कलेश बोल राजा को ल्यावै॥ प्यारे जी रही उदासी छाय खड़ा क्यों देर लगावै॥ गुन भूलूंगी नाहि ज़हर में अमृत प्यावै॥ दो०॥ मन में ध्यान उपाय के बोले बचन सम्हार॥ हम नोकर सरकार के तुम हो राज कुमारि॥ चौ०। तुम हो राज कुमारि हुकम तेरारी बजाऊं॥ सूनी डयोढी छोड़ महल की कैसे जाऊं॥ रानी जी वे राजे महराज नोकरी उन की पाऊं॥ हम को देय उतार अरज़ अपनी समझाऊं॥ दोहा। मन में चिंता मति करै आन परे कछु काम॥ राजा देय उतारि के तो घर बैठे ले दाम॥ चौ०। प्यारेजी घर बैठे ले दाम नोकरी भेजूं तेरे तो को छोड़ नाहि रहो तुम नोकर मेरे॥ प्यारेजी राजा द्यो समझाय हुकम मेरा ना फेरे॥ बहुत करूंगी प्यार रहो डयोढी के नेरे॥ दोहा। राजा तुम्हारे देश में हस्ती घूमें द्वार॥ अन हद बाजे बाजते राजों के दरबार॥ चौ०। रानी जी राजों के दरबार अरज़ एक सुनो हमारी॥ कैसे ल्याऊं बोलि भरी सारी सरदारी॥ रानी जी बैठे हैं सरदार बड़े २ [illegible]त्तरधारी॥ हो रही जैजै कार नाचतीं पातरि सारी॥ दो०। रात [illegible]वाव हम को भये परै न चित को चैन॥ बात सुनो मेरे रवाव की [illegible]। हो गई वैरनि रैन॥ चौ०। प्यारेजी होगई वैरनि रैन कटी नाह [illegible]म से काटी॥ मन में भये कलेश पलंग की टूटी पाटी॥ प्यारे जी न [illegible]यनी रही वल खाय गुथी रेशम की आटी॥ विगड़ गये सिंगार [illegible]सीस की चुंदरी फाटी॥ दोहा। रानी के सुनि बचन को धरे कुंवर [illegible]न॥ सूनी डयोढी छोड के तो चले अभैसिंह ज्वान॥ चौ० [illegible]चले अभैसिंह [illegible]ट राजा के आये॥ कर जोरै ए

क पांव दूर से अरज़ सुनाये॥ राजा जी आन पड़े कोई काम महल में हाल बुलाये॥ चलो हमारे साथ बचन ऐसे समझाये॥ दो०। सुनत बचन राजा उठे जलदी न्याव चुकाय॥ नीर गरम धरवाय के तो सोंधा लिया मिलाय॥ चौ०॥ प्यारे जी सोंधा लिया मिलाय नीर में नीर समोये॥ चंदन चौकी डारि कुवर ने न्हान संजोये॥ प्यारे जी कंचन बने शरीर नीर में मल कर धोये॥ लई सुमरनी हाथ रतन नग लाल पिरोये॥ दोहा। राज तुम्हारा देश में कौन करैगा होड़॥ हम आये रणबास की सूनी ड्योढी छोड़ चौ० राजा जी सूनी ड्योढी छोड़ अरज़ एक सुनो हमारी॥ सूना है रणबास खुले हैं पौल दुवारी॥ राजा जी दूती फिरैं अनेक सोच मन में है भारी॥ कहो महल को जायं कहो चलें संग तुम्हारी॥ दो० हँस के बचन सुनावते सुनो अभै सिंह बात॥ नेक ज़रा ग[illegible] खाय जा तो चलें तुम्हारे साथ॥ चौ० प्यारे जी चलें तुम्हारे साथ नेराजी क्यों घबरावै॥ धरि सूरज को ध्यान [illegible]गन हो तिलक लगावै॥ प्यारे जी आभूषण सिंगार रहस के अधिक बनाये॥ दरपन में मुख देख नाम जब हिरदें लाये॥ दोहा। तुम राजा महाराज हो क्या तुम को संदेह॥ हम नोकर सरकार के तो मेरी अ[illegible] रज़ सुनि लेय॥ चौ०॥ राजा जी मेरी अरज़ सुनि लेउ नोकरी ऊं दूनी॥ हमें बड़ा अब सोच पड़ी है ड्योढी सूनी॥ राजा जी हु[illegible] क़म करो महाराज मगाऊं हाथी खूनी॥ करो पाल की त्यार ज[illegible] नग हीरा चुन्नी॥ दोहा॥ सुनत बचन राजा उठे जल्दी न्याव चुकाय॥ हौदा रतन जड़ाव का तो झोटा गुरमट खाय॥ प्रभु जी झोटा गुरमट खाय चढ़े हाथी अंबारी॥ बोलत चले नक़ीब क[illegible] री महलन की त्यारी॥ प्रभु जी उतरे ड्योढी जाय जुरी स[illegible] रदारी॥ राजा महलों गये ख्वाई [illegible] ज कुमारी॥ [illegible]

रानी रतन कुमरि का राजा गोपी चंद से दोहा ॥ रतन कुंवरि रानी खड़ी सुबरन झारी हाथ ॥ पग धोये मल मीड़ के अंग न फूली समात ॥ चौ० ॥ प्रभुजी फूली अंग न समात करी भोजन की त्यारी ॥ छत्तीसों पकवान भरी सुबरन की थारी ॥ प्रभुजी ठाढ़ी करूं वियार सुनो एक अरज़ हमारी ॥ भोजन जीवो महा राज तेरी सूरत परवारी ॥ दोहा ॥ पहलो ग्रास मुख में दियो दूजो लियो उठाय ॥ पांच ग्रास मुख में दिये तो थाल दियो सरकाय ॥ चौ० ॥ प्रभुजी थाल दियो सरकाय सोच मन में नहिं कीये ॥ सुवरन झारी हाथ रहस गंगा जल पीये ॥ प्रभुजी नागर पान मंगायकु कुंवर मुख बीड़ा दीये ॥ दरपन में मुख देख नाम जब हरि के लीये ॥ दो० कर जोरें अरज़ी करै वो पतिभरता नारि ॥ आज रहो रणवास में तो सुनि मेरे भरतार ॥ चौ० ॥ राजा जी सुन मेरे भरतार सदा चरणन की दासी ॥ मन के मिटि गये सोच रही ना हमें उदासी ॥ राजा जी दूंगी पलंग नवाय सेज फूलन की खासी ॥ पौढ़ो सुख की नींद नगर धारा के वासी ॥ जवाब माता का गोपी चंद से ॥

दोहा ॥ मैंनावती माता कहै कंचन बने शरीर ॥ सूरत देखी लाल की तो ढरे नैंन से नीर ॥ चौ० ॥ प्रभु जी ढरे नैंन से नीर भयो दुख अगम अपारा ॥ रोवै जार वे ज़ार हमें गोपी चंद प्यारा ॥ प्रभुजी उ

मरि करी कुछ नाहिं काल के बहुत दुधारा ॥ सावत रहै न कोइ कालने सब को मारा ॥ दो०। राज हमारा देश में नाहिं किसी से पोच ॥ सत्य हमें बतलाय दे सो तुम को क्या अब सोच ॥ चौ० माता जी तुम को क्या अब सोच कहो ना मन की बानी ॥ रोवै जार वेजार भरे नैंनन में पानी ॥ माता जी हल्ली घूमें हार धरें सोलह सै रानी ॥ क्या दुख व्याप्यो तोहि तैने क्या मन में जानी ॥+ दो०। चौ महले माता खड़ी बोली बच्चन सम्हार ॥ शुभ घड़ी पैदा भयो तू मेरें अवतार ॥ चौ। बेटा जी तू मेरे अवतार भयो गोपी चंद राजा ॥ कंचन काया बनी पांव तेरे पदम बिराजा। बेटा जी हाल फ़क़ीरी लेउ करो मति आप अकाजा ॥ जोगी हो मेरे लाल काल तेरे सिर पर गाजा ॥ दो०। एक तन को परिवार है ऐसो लग्यो बियोग ॥ कुटम लजाई होयगी तो कैसे साधूं जोग ॥ चौ०। माता जी कैसे साधूं जोग दाग़ मेरे कुल को आवै ॥ इक छत मेरा राज सबी परजा दुख पावै ॥ माता जी कद की वैरनि भई हमें तू जोग बतावै ॥ बोले बच्चन कठोर नाहक में लोग हंसावै ॥ दो०। मतलब को संसार है ढलती फिरती छांह ॥ जोगी हो रमजायँगे तो लोग हंसेंगे नाह ॥ चौ। बेटा जी लोग हंसेंगे नाहिं मेरे गोपी चंद प्यारे ॥ सूरत पै कुरुवान मेरे नैनन के तारे ॥ बेटा जी लेउ फ़क़ीरी हाल रहो दिल माहिं करारे ॥ छोड़ राज का मोह बच्चन तू मान हमारे ॥ इकछत मेरा राज है इक तन का परिवार ॥ कैसे जाऊं छोड़ के सो घर सोलह सै नारि ॥ चौ० ॥ माता जी घर सोलह सै नारि इन्हें मैं कहां विसारूं ॥ हम को दें हि सराप जोग मैं कैसे धारूं ॥ माता जी हम राजा महाराज किसी के नाहि सहारूं ॥ उठेंगे राज के तेज गुस्सा में कैसे मारूं ॥ दो० मन मारो तन बस करो सुन गोपी चंद लाल ॥ काया अ-

मर हो जायगी तो लेउ फ़कीरी हाल ॥ चौ० । बेटा जी लेउ फ़कीरी हाल मरी सोलह सौ रानी ॥ सिर पर डोलै काल फिरै तेरी मौत निसानी ॥ बेटा जी तेरे पिता के राज कही मेरी एक न मानी ॥ हुए भसम के ढेर बरस गये ऊपर पानी ॥ दो० ॥ सदा किसी की ना रही ये जग में व्योहार ॥ भव सागर में आय के बह्यो जात संसार ॥ चौ० । माता जी बह्यो जात संसार जगत सपने की माया ॥ मस्तक मेरा भाग रूप करतार बनाया ॥ माता जी राज करन दे मोहि अमर रहती नहिं काया ॥ रहै राम का नाम पार जिन का नहिं पाया ॥ दो० एबेटा तू बावरा सुनि माता की बात ॥ दिना चार की चांदनी फेरि अंध्यारी रात ॥ चौ० । बेटा जी फेर अंध्यारी रात लोभ खांडे की धारा ॥ या से बचा न कोय लोभ ने सब को मारा ॥ बेटा जी जिन ने त्यागे लोभ उतर गये पैली पारा ॥ छोड़ राज का मोह वचन तू मान हमारा ॥ दो० । एक लख हाथी घूमता पांच लाख असवार ॥ कैसें इन्हें बिसार दूं नौ कन्या सवा हज़ार ॥ चौ० । माता जी कन्या सवा हज़ार व्याह इन के नहिं कीये ॥ धृक जीवन धन माल सदा जग में नहिं जीये ॥ माता जी जा दिन जनमे कुवर घोल विष क्यों ना दीये ॥ हमें बताओ जोग बंधु मैं तेरे हीये ॥ दो० । बोली बचन संभार के कह मैनावती माय ॥ जा दिन तू पैदा भयो कंचन दिये लुटाय ॥ चौ० ॥ बेटा जी कंचन दिये लुटाय सोच मन में नहिं ल्याई ॥ नौबत बाजी द्वार और तेरी बटी बधाई ॥ बेटा जी गज हस्ती के दान भाट द्विज दिये अघाई ॥ जोगी होजा मेरे लाल मौत तेरे सिर पर आई ॥ दोहा । आया है सो जायगा क्या राजा क्या रंक ॥ जस बाक़ी रह जायगा तो बाकी रहै कलंक ॥ चौ० । माता जी बाकी रहै कलंक हमें तू जोग बतावै ॥ गद्दी सूनी करै सोच मन में नहिं ल्यावै ॥ माता जी करम लिखा है राज आज तूं भसम रमावै ॥ जोगी होइ रमिजा

यें कहा पीछे सुख पावै ॥ दो॰। काया कारण जोग ले भसम रमा-
ले अंग ॥ माया मोह सब त्याग के तो ऐसे बनो विहंग ॥ चौ॰। बेटा
जी ऐसे बनो विहंग सोच मन में मति लावो ॥ चौरासी हैं सिद्ध सबें
में दास कहावो ॥ बेटा जी गुरु की सेवा जोग चरण में सीस नवावो
रहै तुम्हारो नाम बड़ाई ऐसी पावो ॥ दो॰। जनमत ही विधना दिये
मन कर बहुत कठोर ॥ अब तू जोग बतावती बाला तन की ओर
चौ॰। माता जी बाला तन की ओर ज्योंही सब ख्याल गमाई ॥ तेरै
नाहिं सुख भये हमें तुम जोग बनाई ॥ माता जी कंचन बने शरीर
काहे को भसम रमाई ॥ सब छोड़ूं परिवार कहो किस कारण भाई ॥
दो॰। हमें अंदेशा लागि रहा सोच रही दिन रात ॥ काल बली शिर पे
बड़ा तो फांसी ले रह्यो हाथ ॥ चौ॰। बेटा जी फांसी ले रह्यो हाथ ज
गत देखत के नाते ॥ क्या राजा क्या रंक रहे ना बीस भुजा ते। बेटा
जी जग सुपनो सो जानि सोच मन में क्या लाते ॥ रहै राम का नाम
पार जिन का नहिं पाते ॥ दो॰॥ गोपी चंद राजा खड़े दोऊ कर जो
रै हाथ ॥ मेरी अरज़ सुनि लीजिये नो ऐसी कहमति बात ॥ चौ॰।
माता जी ऐसी कहो मति बात हमें सिर गद्दी सोहै ॥ हम से बहुत म
लूक जगत में दूजा को है ॥ माता जी राज तपे चौ खंड सीस कुलका
नि बड़ी है ॥ जोगी वे हो जायें जिने घर कोई नही है ॥ दो॰। तू बेटा
भूल्यो फिरै सत की माला फेर ॥ राज किये तेरे बाप ने भये भसम
के ढेर ॥ चौ॰। बेटा जी भये भसम के ढेर बचे वे नाहिं बचाये ॥
जितने राजा भये काल ने सब ही खाये ॥ बेटा जी जितने त्यागे
लोभ सोच मन में नाहिं लाये ॥ मिटि गये आवागमन फेर जग
में नहिं आये ॥ दो॰॥ कैसे जोगी मैं बनूं करूं कौन सा भेस। ह
म को सत्य बताय दे तो तुमने दिया उपदेस ॥ चौ॰। माता जी
तुमने दिया उपदेस सोई मेरे मन भाया ॥ कौन गुरू पर जाउं अ

मर करदे मेरी काया ॥ माताजी हमें बतायो ज्ञान जोग मारग नहिं पाया ॥ तेरा बचन मेरा जोग ध्यान जैसे अमृत पाया ॥ ॥ दो० । मन दिलगीरी मत करो सुन गोपी चंद पूत ॥ सब सांसे मिट जायेंगे तो जब देखो अवधूत ॥ चौ० ॥ बेटाजी जब देखो अवधूत बदन तेरा होय निरोगी ॥ प्रेम गुफा में बसे एक जालंधर जोगी ॥ बेटा जी उनकी सेवा करो अमर तेरी काया होगी ॥ तेरे मामा के गुरू बड़न जहां बैठे वियोगी ॥ दोहा। माता के सुन बचन को मन में उठी तरंग ॥ अंग भभूत रमाय के तो ऐसे बने विहंग ॥ चौ० ॥ प्रभुजी ऐसे बने विहंग राज के तजे हैं समाजा ॥ तजे तख्त और छत्र तजी सब कुल की लाजा ॥ प्रभुजी महलों भया वियोग बजे ये अनहद बाजा ॥ रोय उठे रनवास चले गोपी चंद राजा ॥

दोहा ॥ प्रजा रूप को निरखती सखी छती सो जान ॥ सोग भयो रनवास में तो माता मीड़े हाथ ॥ चौ० प्रभुजी माता मीड़े हाथ भई मैंना खुसियाली ॥ रोवत सब बन राय सोग पड्यो डाली डाली ॥ प्रभु जी रोवत जार बेजार खड़ी सब चित्तर भाली ॥ रोवत सब दरवार लगी केरमों की नाली ॥ दो० । सब को सीस नवावते चले गुरून के पास ॥ माता से अरजी करैं तो अब क्यों भई उदास ॥ चौ० ॥ माता जी अब क्यों भई उदास चलें हम गुरु के पासा ॥ जो पूरे गुरु

होंय करैं मेरी पूरन आसा॥ माता जी होय प्रसन्न बर देहिं मिटैं मेरे संकट सांसा॥ इतनी कह कर चले किये जंगल में बासा॥+
दोहा॥ भेटे राजा भरतरी मन में भये उदास॥ तुम क्यों आये छोड़ के सो मेरे गुरु के पास॥ चौ०॥ प्यारे जी मेरे गुरु गुरु के पास कहो तुम कैसे आये॥ क्या दुख व्यापे तोहि सोच मन में नहिं लाये प्यारे जी घर सोलह से नारि सोच मन में नहिं लाये॥ जा अपने घर बैठ आज तोहि किन बहकाये॥ जबाब गोपी चंद का राजा भरतरी से॥ दोहा॥ तू मामा मैं भानजा मेरी अरज़ सुनि लेव॥ चेला हमें कराय दे मैं करूं गुरुन की सेव॥ चौ०॥ मामा जी करूं गुरुन की सेव और चेला से दूनी॥ दिन को दावूं पांव रात को डारूं धूनी॥ मामा जी राज पाट दिये छोड़ तजे मैंने हाथी खूनी॥ घर सोलह से नारि छोड कर करीं विहूनी॥ दो०। गोपी चंद को देख के कोमल जिन के गात॥ हीयो आयो उमंग के तो सुनी कुवर की बात॥ चौ०॥ प्रभु जी सुनी कुवर की बात नैन से आयो पानी॥ छाती लियो लगाय सुनाई अम्रत वानी॥ प्यारे जी क्यों छोड़े है राज घरे सोलह सै रानी॥ जोग बड़ा जंजाल तैंनें क्या मन में ठानी॥ दो॥ मन मारूं तन बस करूं रहूं गुरुन के पास॥ चेला हमें कराय दे तो गही तुम्हारी आस॥ चौ०॥ मामा जी गही तुम्हारी आस बहुत कर तुम पर आये॥ अब क्या जायें निरास जोग मेरे मन भाये॥ मामा जी माय दिया उपदेश सोच मन में नहि लाये॥ सब से त्यागे मोह गुरुन से ध्यान लगाये॥ दोहा॥ बोले ज्ञान विचार के देखि कुवर के गात॥ जा अपने घर बैठिये तो सुनो कुवर मेरी बात॥ चौ०॥ प्यारे जी सुनो कुवर मेरी बात फिरो क्यों मति के हीना॥ सब से त्यागे मोह जोग में क्या चित दीना॥ प्यारे जी सीख बिरानी मान गज़ब तैंने ऐसा कीना

जोग सधन का नाहिं जोग तैंने किस पर लीना ॥ दो०। मैनावंती माय ने हमें दिया उपदेस ॥ वा दिन से निश्चै भई तो कर जोगी का भेस ॥ चौ०। मामा जी कर जोगी का भेस भये बन बन में डोले ॥ खाये बन फल फूल तृषा ने दिये रुकोले ॥ मामा जी भ्रमते फिरे उजाड़ पैरों में पड़ गये छाले ॥ अब देखे गुरु द्वार आन कर तुम से बोले ॥ दो० इतनी सुन कर भरतरी भरे नैंन में नीर ॥ लिये कुवर जी पूछि के तो बहुत बंधाई धीर ॥ चौ० प्रभु जी बहुत बंधाई धीर कुवर गोदी में लीये ॥ मुख पर फेरे हाथ प्यार बहुते रे कीये ॥ प्यारे जी कद की बैरन भई बहुत दुख तुम को दीये ॥ पूत नहीं दो च्यारि वंधु मैं तेरे ही ये ॥ दो०। लाड़ चाव कूं छोड़ दे राखो मेरी टेक ॥ गुरु भाई कर ली जिये तो मिले भेक से भेक चौ०॥ मामा जी मिले भेष में भेष खड़ा मैं अरज लगाऊं ॥ ले चल गुरु के पास गुरु न को सीस नवाऊं ॥ प्यारे जी जो गुर होंय दयाल गुरुन की आज्ञा पाऊं ॥ सेवा करूं बनाय सोच मन में नहिं लाऊं ॥ दो०॥ कैसे गुरु पर ले चलूं का समझावै मोहि वे जोगी अब धूत हैं तो भसम करेंगे तोहि ॥ चौ०॥ प्यारे जी भसम करेंगे तोहि उठे तेरे तन में ज्वाला ॥ रोय मरै तेरी माय जिन्हों ने दुख से पाला ॥ प्यारे जी कहा हमारा मान भया है का मतवाला ॥ कर धारा का राज बगद घर जा ओ बाला ॥ दो०। कर जोरैं अरज़ी करूं लगा गुरुन से ध्यान ॥ कै सेवा गुरु की करूं ना तर तजूं पिरान ॥ चौ०। मामा जी ना तर तजूं पिरान यही मेरे मन भाई ॥ तुम को देंहि सराप करै मेरी लोग हंसाई ॥ मामा जी ऐंसे भये कठोर दया तो हि नेक न आई ॥ कहो गुरुन से जाय कहा तुम देर लगाई ॥ दोहा। राजा जोगी अगिन-जल इन की उलटी रीति ॥ मया मोह जिन के नहीं थोड़ी पालें प्री

ति ॥ चौ॰। प्यारे जी थोड़ी पालें प्रीति हमें तुम क्या समझाने ॥ छोड़ दिये घरबार फेर नहिं प्रीति लगाते ॥ प्यारे जी घर घर अलख जगाय गुरुन के टुकड़े पाते ॥ मन दिलगीरी होय छोड़ उनको भी जाते ॥ दोहा। नैंनन भर२ रोवते गये बच्छ मुरझाय। मामा के सुनि वचन को तो गिरे तमारो खाय ॥ चौ॰। प्रभुजी गिरे तमारो खाय नैंन से आये पानी ॥ रोवत ज़ार बेजार भया मैं कों बैरानी ॥ प्यारे जी दोऊ करजोरे हाथ सुनाई अमृत बानी ॥ मारे ऐसो भयो कठोर मेरी तैंने एक न मानी ॥ बात गोपीचंदने कही भरतरी से ॥ जब गोपीचंद को भरतरी ने छाती से लगा लिया फिर भरतरी जी बोले कि पहले मैं गुरुजी की आज्ञा ले आऊं ॥ तब तीन वार गये गुरुजी के पास कर पुतली लेकर चौथे गोपीचंद को ले गये ॥ अवाज दीनी गुफ़ा में से तब गुरुजी ने कही बच्चा कौन है। भरतरी जी बोले कि राजा भरतरी है ॥ जब गुरुजी बोले कि गोपीचंद तो अमर ही है तब भरतरी बोले कि गुरुजी अमर करोगे तो अमर हैं ॥ जब गोपीचंद को बरदान दिया गुरुजीने कि बच्चा टलेगी बलाय जीवै गोपीचंद भरतरी ॥ जवाब गोपीचंद का गुरुजी से दो॰ शुभ घड़ी घर से चले लगा गुरुन से नेह ॥ जा चेला घर आपने अमर भई तेरी देह ॥ चौ॰। चेला जी अमर भई तेरी देह मेरे गोपीचंद प्यारे ॥ कर धारा को राज रहो मत संग हमारे ॥ प्यारे जी हम जोगी अब धूत रहैं दुनियां से न्यारे ॥ तुम राजा महाराज फिरो घर घर मारे ॥ दोहा। तुम गुरु दीन दयाल हो कोन करै थारी होड़। शरण गही तेरी आय के तो राज पाट दिये छोड़ ॥ चौ॰। गुरुजी राज पाट दिये छोड़ चरण तुम्हरे चित दीना ॥ चेला करने मोहि फिरूं मैं जग से हीना ॥ गुरुजी धारा नगर सुथान तजा मैंने श

हरनगीना ॥ घर सोलह से नारि मोह जिन सूना कीना ॥ दो॰। तू चेला भूल्यो फिरै मान हमारी सीख ॥ जोगी होय क्या लेयगा तो घर घर मांगो भीख ॥ चौ॰। चेला जी घर घर मांगो भीख धूप में अंग पसीजै ॥ राज घरों के पूत जोग ऐसे नहिं लीजै ॥ प्यारे जी अपने घर जा बैठ राज धारा का कीजै ॥ सब से राखो मोह चरण गुरु के चित दीजै ॥ दो॰। जा दिन घर से हम चले धर जोगी का भेस ॥ तुम चरणों की आस है तो ऐसा कर उपदेस ॥ चौ॰॥ गुरु जी ऐसा कर उपदेश जगत से प्रीति न लागे ॥ रहूं सदा लवलीन भरम मेरा सब भागे ॥ गुरु जी ऐसा दीजै ज्ञान प्रीति हम से सब त्यागे ॥ सेवा करूं बनाय रहों मैं तुम्हरे आगे ॥ दो॰। कर कर भगवां कापड़ा धरि जोगी का भेक ॥ जोग जुगति जानी नहीं तो ऐसे फिरैं अनेक ॥ चौ॰। चेला जी ऐसे फिरैं अनेक बने वे डोलें मौनी। कर ऊपर को हाथ बड़े वे डोल तखूनी ॥ चेला जी बहुतक ऐसे फिरैं नारि वे छलन बिरानी ॥ कोई साहब के लाल बसे जिभ्या पर ज्ञानी दो॰। जोग जुगति की रीति है सो हम को देउ बताय ॥ झोली दे मेरे हाथ में तो अंग भभूत रमाय ॥ चौ॰। गुरु जी अंग भभूत रमाय कही सो हम ने जानी ॥ रहूं तुम्हारे साथ करूं धूनी अरु पानी ॥ गुरु जी ले कर अलख जगाय सुनें महलन की रानी ॥ जल दी भेजैं भीख सुनाऊं अमृत बानी ॥ दोहा किन दीनो बहकाय के क्या तोहि लगा वियोग ॥ राज तपे चौखंड में तो क्यों साधै है जोग चौ॰। चेला जी क्यों साधै है जोग तेरे सिर छत्तर सोहै ॥ कंचन बने शरीर देखि मन सब का मोहै ॥ चेला जी तुम से और मल्हूक जगत में दूजा को है ॥ अमर भई तेरी देह नाहक मैं जोगी हो है।

जवाब भरतरी का गुरु जी से दोहा ॥ बोले राजा भरतरी सुनि गुरु गोरख देव। सब सांसे मिट जायंगे चेला कर क्यों न लेव।

चौ०। गुरु जी चेला करक्यों न लेव अमर कर दीनी काया॥ अब ना रही उधार बचन गुरु जे फ़रमाया॥ गुरु जी तुम चरणों का-ध्यान करन जी के मन भाया॥ सेवा करै बनाय बहुत आसा कर आया॥ दो०। सूरत जिन की मोहिनी कोमल जिन के गात॥ इन पर जोग सधै नहीं तो सुन चेला मेरी बात॥ चौ०। प्यारे जी सुन चेला मेरी बात फिरै क्यों मति का हारा॥ कुवर करै है राज जोग खांडे की धारा॥ प्यारे जी क्या जानेगा सार फिरैगा घर घर मारा॥ दे इन को समझाय रहै घर बैठ विचारा॥ दो०। तुम गुरु दीन दयाल हो कुवर करै थारी आस॥ यों जाने का है नहीं रहै तुम्हारे पास॥ चौ०॥ गुरु जी रहै तुम्हारे पास करो इन का निसतारा॥ जो पूरे गुरु होंय फिरै क्यों घर घर मारा॥ गुरु जी तुम चरणों का ध्यान रहै दिल माहिं करारा॥ चार खूंट में रहा न हीं कोई अटकन हारा॥ दोहा॥ जे चेला जाता नहीं जोग रहै मन मान॥ लीनी करद मगाय के तो फारन लागे कान॥ चौबो० प्रभुजी फारन लागे कान कुवर पर करद चलाई॥ छुटी दूध की धार दूसरे सुरखी आई॥ प्रभुजी दीनी मुद्रा डारि अंग भभूत रमाई॥ सिर पर धरि दियो हाथ कुवर की करी बड़ाई॥ दोहा॥ कर जोरें अरजी करै अच्छा मोकूं देह॥ ऐसा ज्ञान बताय दे मैं तजूं जगत से नेह॥ चौ०। गुरु जी तजूं जगत से नेह रहस के नाद बजाऊं॥ चौरासी हैं सिद्ध सबन में दास कहाऊं॥ गुरु जी तुम्हरी आज्ञा पाय महल में अलख जगाऊं॥ ऐसे बोलूं बचन भीख महलन से लाऊं॥ दो०। चार खूंट रमते रहो गुरु से राखो ध्यान घर सोलह से नारि हैं तो माता कर कर जान॥ चौ०। चेला जी माता कर कर जान भीख महलन से लावो॥ झोली ले लो हाथ जाय वहां नाद बजावो॥ चेला जी जो मन माने राज बैठ कर हुकम च-

लावो॥ जोमन माने जोग गुरुन का ध्यान लगावो॥ दो॰। कांधे पर झोली धरी अंग भभूत रमाय॥ गोपी चंद राजा चले तो गुरु-की आज्ञा पाय॥ चौ॰। प्रभुजी गुरु की आज्ञा पाय चले धारा में आये॥ ड्योढ़ी पहुंचे जाय कुवर ने अलख जगाये॥ प्यारेजी गुरु के लीये नाम रहस के नाद वजाये॥ भिक्षा भेजो माय टेर कर शबद सुनाये॥ जबाव बांदी का गोपी चंद राजा से।

दोहा॥ खबरि भई रणवास में जोगी आये द्वार॥ भिक्षा ले करके चली तो बांदी राज कुवार॥ चौ॰। प्रभुजी बांदी राज कुमारि चली ड्योढ़ी पर आई॥ ले जोगी के भीख दूर से अरज़-लगाई॥ प्रभुजी गोपी चंद को देखि बहुत मन में मुरझाई॥ ढरे नैंन से नीर लटक धरती पर जाई॥ दोहा हंसि के बचन सुनावते सुनि बांदी मेरी बात॥ मन दिलगीरी मति करो तो खु-शी रहो दिन रात॥ चौ॰॥ बांदी री खुशी रहो दिन रात आज क्यों भई दिवानी॥ रोवै जार बेजार भरे नैंनन में पानी॥ बांदी री कहो महल में जाय जहां सोलह सै रानी॥ भिक्षा भेजो माय सुनावो अमृत बानी॥ दो॰। कर जोरै अरज़ी करै ठाढ़ी एक ही पाय॥ आप चलो रणवास में तो मोपै कही न जाय॥ चौ॰॥ राजा जी मोपै कही न जाय कुवर ने कीनी फेरी॥ रानी बहुत रिसाय अंत में उन की चेरी॥ राजा जी तुम राजा महा-

राज अरज़ तुम सुनिये मेरी ॥ कहने आवै लाज कुवर मैं बांदी तेरी ॥ दो०। तू बांदी रणबास की मत कर सोच विचार ॥ कहौ महल में जाय के तो जोगी ठाड़े द्वार ॥ चौ०। बांदीरी जोगी ठाड़े द्वार महल में जा समझावो ॥ भिक्षा भेजो माय खड़ी क्यों देर लगावो ॥ बांदीरी कहो रानी से जाय दरशा जोगी का पावो। नाहिं तुरत रमि जायं फेर पीछे पछितावो ॥ दो०। बांदी महलों आवती बोली बचन सम्हार ॥ सात सखिन के झुंड में तो बैठी राज कुवार ॥ चौ०। प्रभुजी बैठी राज कुमारि अरज़ अपनी समझावै ॥ गोपी चंद भरतार द्वार पर अलख जगावै ॥ रानी जी भिक्षा लेकर चलो बहुत कर तुम्हैं बुलावै ॥ दरशन देखो जाय बख़्त ऐसा नहिं पावै ॥ जवाब रानी का गोपी चंद

से राग विहाग में ॥ काहे को म्हारे आवैंगे बालम क्यौं बहकावै बांदी मोहि ॥ टेक ॥ हम निरभागिन त्याग दई पिया ने। पिया के जिया में मेरा जिया रे ॥ सूनी सेज तलफ़ती छोड़ी। ऐसा निडर किया रे ॥ जा दिन से पिया जोग लिया है सुपना में दरशन दिया रे ॥ लछमन जो कुछ लिखी है विधाना स्वपना में सुख सम जिया रे ॥ दोहा ॥ बांदी बचन सुनावती नैन रहे जल छाय ॥ तेरे तो इतबार ना मैं कहती समझाय ॥ चौ०। रानी जी मैं कहती समझाय कुंवर ड्योढ़ी पर आये ॥ झोली सो

है हाथ खड़े हैं बदन छिपाये॥ रानी जी तुम हो राजकुमारि-देख मेरा जी घबरावै॥ राज घरों के पूत जोग तिन के मन भावै-दोहा एक अमली के पात में दो जन रहे समाय॥ मन फाटे दिल ऊछटे पलिका पै न रहाय॥ दो॰। बांदी के सुनि बचन कूं ब्याकुल भये शरीर॥ सब काया मुरझागई तो ढरे नैंन से नीर। चौबो॰ प्रभुजी ढरे नैंन से नीर सबी काया मुरझाई॥ रोवै जार बेजार करी कोई कुबुधि कमाई॥ प्रभुजी ड्योढ़ी पहुंची आय कुवर से अरज़ लगाई॥ सुख में साधे जोग कहो तो हि क्या मन भाई॥ दोहा संपति बिपति बिचारि के ज्यों पाछि तावे कूर मासा घटै न तिल वढै सो लेख लिखे अंकूर॥ चौ॰। रानी जी लेख लिखे अंकूर मिटेंगे नाहिं मिटाये॥ माय दिया उपदेश प्र-जोग मैं न उनसे पाये। रानी जी सब से त्यागे मोह सोच मन में नाहिं ल्याये॥ झोली लेली हाथ भीख तेरे मांगन आये। दो॰ हम रानी रणबास की तुम सिर के सिरताज॥ जा दिन से जोगी भये तो भावत नाहीं नाज॥ चौ॰ राजा जी भावत नाहीं नाज भई मेरे मन दिलगीरी॥ राज पाट दिये त्याग लई तन आप फ़की री॥ राजा जी सूनी दीखै सेज छोड़ दी अरध शरीरी॥ तुम बिन व्याकुल नैंन तजी मैंने वहुत अमीरी॥ दो॰। राज तपै चौ खंड में जोग लिया मैंने आज॥ मन दिलगीरी क्या करो तो बैठी भोगो राज॥ चौ॰ रानी जी बैठी भोगो राज माल के भरे हैं खज़ाने हस्ती घूमैं द्वार बजें तेरे नौबत खाने॥ रानी जी इक छत्र बरते राज देश क्या हुए बिराने॥ हमरे करम में जोग सोई मेरे मन माने॥ दो॰। जा दिन बांधे सेहरा जब क्यों न लिये जोग॥ राज घरों की ब्याहि के तो हम को दियो वियोग। चौ॰ राजा जी हम को दिये वियोग महल में भई उदासी॥ राजपाट दिये छोड़

हुये जंगल के बासी ॥ राजा जी भैं में सोना होय सेज तुम छोड़ी
खासी ॥ कर धारा को राज करो मति अपनी हांसी ॥ दोहा ॥
राज पाट सब तजि दिये हमें गुरुन की आन ॥ भिक्षा बेग मंगाय
दे तो जोग रहै मन मान ॥ चौबोला ॥ रानी जी जोग रहै मन मान
जगत सपना मैंने जाने ॥ सब से त्यागे मोह बचन माता के
माने ॥ रानी जी गुरु की सेवा करी बचन उन के सब माने ॥ +
हम उत्तर तुम माय नाहक में झगड़ा ठाने ॥ जबाब रानी रत
न कुमरि का राजा गोपी चंद से राग विहाग ॥ पिया तोहि
जान न दूंगी । बैठो मन समझाय ॥ टेक ॥ तुम जावो हम किस
पर छोड़ी रोवत रैंन विहाय ॥ सोलह सौ नारि दिसारि चले हो
ठाढे हौं भसम रमाय ॥ धरक धरक मेरा करत करेजा नैंन रहै
झरलाय ॥ सोच समझ घर बैठ रहोगे सेवा करैं बनाय ॥ लछ
मन राम सुमिरि गुण गावै दीजै दरश दिखाय ॥ जबाब गो
पी चंद का रानी रतन कुमारि से ॥ राग होली ॥ नारि अ
ब ख्याल परो मति मेरे । मोहि जाना गुरुन के डेरे ॥ टेक ॥ बैठी रा
ज करो महलन में माल ख़जाने तेरे ॥ हम करमन में लिखी है
फ़कीरी तो वाको कौन निबेरे ॥ फ़ौजन के घर सजे हैं रिसाले
राज़ तपै चौफेरे ॥ नौकर चाकर सब हैं तेरे वे का हुकम तेरा
गेरे ॥ बार बार समझावति तिरिया हम को होत अबेरे ॥ माता
के बचन से लई है फ़कीरी तू वहां पर करियो दान सबेरे ॥ लछ
मन राम सुमिरि गुन गावै आय गये दिन नेरे ॥ दोहा ॥ राजा
के सुनि बचन को हिरदे रोस भरे ॥ धरक धरक छतियां करै
तो नैंनन नीर ढरे ॥ चौबोला ॥ प्रभु जी ढरे नैंन से नीर उमं
ग कर आवे छाती ॥ या सुख बोलो माय अकल तेरी रही क्या जा
ती ॥ राजा जी तुम सिर के सिरदार तेरी हम नारि कहाती ॥ सुख

मैं साधे जोग नहीं मेरी पार बसाती ॥ दोहा। राज तपे की नारि हो जोग धरे की माय ॥ पुत्तर करके जानिये तो जोग सुफल हो जाय ॥ चौबो०। रानी जी जोग सुफल है जाय धरम की लागो मता ॥ दिल में धीरज बांधि जोही कछु लिखी है विधाता ॥ रानी जी हम को होन ख़बेर भीख तुम भेजो दाता ॥ जाना हमें ज़रूर गुरुन से ध्यान लगाता ॥ दोहा॥ नैंनन भरि भरि रोवती परे महल में सोग ॥ सुख में दुख हमें दे चले अब तैंने साधे जोग ॥ चौबोला ॥ राजा जी अब तैंने साधे जोग भोग हम से न हिं-कीये ॥ राज घरों की ब्याहि बहुत दुख हम को दीये ॥ खोटे खरचे दाम नाहक में फेरा लीये ॥ छोड़ चले पर देख बंधु मैं तेरे हीये ॥ जबाब गोपी चंद का रानी से ॥ राग सोरठ ॥ करम की रेख टरै नहीं टारी ॥ टेक ॥ करम के हाथ तुरंग नचावै करम हीं छत्तरधारी ॥ करम के हाथ करत है अमीरी करम ही जन्म भिखारी ॥ करम करै सोई बनि आवै करम की रेखा न्यारी ॥ राज पाट मैंने सब त्यागे भीख लगी मोहि प्यारी ॥ बैठी राज-करो महलन में कंचन पौल दुवारी ॥ हम करमन में लिखी-है फ़कीरी सो दिल माहिं करारी ॥ भव सागर की धार कठिन है बिसरि गई सुधि सारी ॥ लछमन हरि से ध्यान लगावो खेवटिया गिरिधारी ॥ करम की रेख टरै नहीं टारी ॥ जबाब रानी का राजा गोपी चंद से राग होली ॥ कुवर मैंने बहुत तरह समझाये । मेरी डोढी पर अलख जगाये ॥ टेक ॥ राजा भये कछु सार न जानी घर के माल लुटाये ॥ जो तेरी मनसा जोग जुगति में तो नाहक ब्याह रचाये ॥ बैरन सास भई है हमारी ऐसे दूत मिलाये ॥ राज को छोड़ भया राजा जोगी ठाड़े हैं भसम रमाये ॥ कानों में मुद्रा गले बिच सेली अंग भभूत-

रमाये ॥ लाज कान सब कुल की छोड़ी भीख मांगने आये ॥ सोच समरु मन बैठ रहो घर हरि चरण न चित लाये ॥ लछमन-राम सुमिर गुण गावो नाहक जनम गंवाये ॥ बात ॥ इतनी बात रानी रतन कुवारि की सुनि कर चल दिये और चले चले जहां मैंना वती माता बैठी थी वहां आय पहुंचे माता को भली भांति से प्रणाम कियो और माता ने असीस दीनी जब मात से आज्ञा लेकर बाक़ी हाल जवानी से कहा तब माताने आज्ञा दीनी जब ये कहा कि बेटा सुनो ॥ जबाब माता का गोपी चंद से ॥ दोहा ॥ चार खूंट रमते फिरो करो देश की सैर। बंगाले मत जाइयो जो तू चाहै खैर ॥ चौबोला ॥ बेटा जी जो तू चाहै खैर तेरी बरजै महतारी ॥ सुन गोपी चंद लाल अरज़ एक मान हमारी ॥ बेटा जी गुरु से राखो ध्यान रहैगी-लाज तुम्हारी ॥ दरशन दीजो फेरि तेरी सूरत परवारी ॥ + दोहा ॥ बंगाला कैसा बसे कैसा उन का भेस ॥ हमने देखा है नही तो राज किये चहुं देश ॥ चौबो० ॥ माता जी राज किये चहुं देश मुलक मैंने देखे सारे ॥ दिल्ली शहर सुथान देख लिये तख़्त तिजारे ॥ माता जी दक्षिण अरु गुजरात रहै नाहम से न्यारे ॥ पूरब पश्चिम देख लिये सब बल ख़ बुखारे ॥ + दोहा ॥ बचन हमारा मानियो बंगाले मति जाय ॥ बहन तुम्हारी चंपा वती देखत ही मर जाय ॥ चौबो० ॥ बेटा जी देखत-ही मर जाय बहन चंपादे तेरी ॥ तो हि लगे अपराध करै क्यों ऐसी फेरी ॥ बेटा जी चंदन विरवा छोड़ पेड़ क्यों बोवै बेरी ॥ जनम अकारथ जाय कही तुम मानो मेरी ॥ दोहा ॥ जा दिन से जोगी भये कर कर भगवां भेक ॥ घर सोलह सै नारि थीं तो इन में मरी न एक ॥ चौबो० ॥ माता जी इन में मरी न एक बहन मेरी कै

से मरैगी॥ या सूरत को देख बङ्गत सा रुदन करैगी॥ माता जी आवेंगे समझाय धीर दिल मांहि धरैगी॥ तुम लीजो बुलवाय समझ घर बैठ रहैगी॥ दोहा॥ तू बेटा भूल्यो फिरै मैं समझाऊं तोय॥ घर की तिरिया जो मरै सो अरध शरीरी होय॥ चौबो॰ बेटा जी अरध शरीरी होय नारि सो ही मरि जावै॥ आप निरै कुल त्यार जगत में नाम चलावै॥ बेटा जी बीर विछोहा हुए फेर जिनको न मिलावै॥ लाख जतन करो फेर जनम सूरत नहिं पावै॥ दोहा॥ मतलब को संसार है क्या समझावै मोहि॥ बहन बडेरी होयगी जो देने को होय॥ चौबोला माता जी जो देने को होय बहन को भाई छाजै॥ देने को नहिं होय फेर कोई बात न बूजै॥ माता जी ये जग में व्योहार राज अपने घर सूजै॥ हम जोगी अवधूत कहा बहनंल को दीजै॥ दोहा॥ चातुर से मूरख बने सुन गोपी चंदलाल॥ सदा विहूनी वेर हैं विन बीरन व्योसाल॥ चौबोला बेटा जी विन वीरन व्योसाल सदा तिन कूं दुख भारी॥ लाख बडेरी होंय करैं वह आस तुम्हारी॥ बेटाजी निश्चै कर तू जान तेरी बरजै महतारी॥ बंगाले मत जाय कहैगी दुनियां सारी॥ दोहा॥ हम जोगी अवधूत हैं करैं देश की सैल॥ माता छोडी रोवती तो गही बंगले की गैल॥ चौबोला॥ प्रभु जी गही बंगाले की गैल सोच मन में नही लाये॥ करी देश की सैल गौड बंगाले आये॥ प्रभु जी जा राजा के महल कुवर ने अलख जगाये॥ खबरि भई रणवास रहस कर नाद बजाये॥ जबाब चंपा दे बहन का बांदी से दोहा॥ चंपा देरानी कहै बोली बचन सम्हार॥ भिक्षा लेकर जाइये तो जोगी ठाड़े द्वार॥ चौबो॰॥ बांदी री जोगी ठाड़े द्वार धूप में अंग पसीजै॥ लै कंचन को थाल भीख जोगी

को दीजै ॥ बांदीरी ड्योढ़ी सेवा करै देर उनको नहिं कीजै ॥ नातर जाय निरास बचन सत के सुनि लीजै ॥ दोहा ॥ भिक्षा ले बांदी चली राजों के दरवार। ड्योढ़ी पहुंची आन के तौ बोली वचन सम्हार ॥

चौबोला ॥ प्रभुजी बोली बचन सम्हार भीख मैं तुम को लाई ले जोगी के लाल दूर से अरज़ लगाई ॥ प्यारे जी वा सूरति को देखि बहुत मन में मुरझाई ॥ जिन घर जनमे कुवर मरै क्या जीवै माई ॥ जबाब बांदी का राजा गोपी चन्द से ॥ राग होली ॥ जोगी कौन देश से आये। तैने हँसि कर नाद बजाये ॥ टेक ॥ जोग जुगति की सार न जानी ठाड़े हैं भस्म रमाये ॥ कानन की सुरखी नहीं सूखी मुद्रा का रूल काये। कै तेरा बाप भया दुख दाई क्या भइया धम काये ॥ कै तेरे घर में नारि करकसा मन दिलगीरी लाये ॥ चंद्र बदन सी काया दम कै सूरज किरन समाये ॥ मात पिता घर कैसे जीवैं जिन के कुल तुम जाये ॥ बैठि रहो तुम इसी महल में हरि से ध्यान लगाये ॥ लछमन प्रराणि सदा है तेरी ज्ञान गुरुन से पाये। दोहा ॥ गोपी चंद राजा कहै बोले बचन सम्हार ॥ तू बांदी रण बास की मेरा जोग अकारथ जाय ॥ चौबोला ॥ बांदी री जोग अकारथ जाय तेरी भिक्षा नहिं लेऊं ॥ हमें गुरुन की आ

न हुआ ताते नाहिं देऊं॥ बांदीरी जाओ महल में बैठ बात तु-
म सें कह देस्यूं॥ हमें दिखाओ भीख आज मेरैं जो धरेस्यूं
॥दोहा॥ सुनि कें बांदी रिस भई बोली बचन सम्हार॥
झोली ल्यूंगी छीन कें तो धक्का दूंगी चार॥ चौबोला॥ प्यारे
जी धक्का दूंगी चार हमें तू बांदी बोलै॥ तू जोगी बेईमान ब-
न्यो छलिया सौ डोलै॥ जोगी के ऐसा करै जबाव खड़ाओ
ढ़ी के बोलै॥ मारूंगी मैं बांस तेरैं गिनती के सोलै॥ दोहा
नैंनन भरि भरि रोवते सुनि बांदी की बात॥ एक दिना-
लई मोल तू राखी जी के साथ॥ चौबोला॥ बांदीरी रा-
खी जी के साथ आज मैंने लई फ़कीरी॥ तू मारै मेरैं बांस
भई मेरे मन दिल गीरी॥ बांदीरी राज पाट दिये छोड़ त-
जे मैंने तख़्त अमीरी॥ करम लिखा मेरैं जोग रही रस
नाम शरीरी॥ दोहा॥ जा जोगी के बाल का जो तू चाहे
खैर॥ घरघर भिक्षा मांगता तू करता डोलै सैर॥ चौबो
ला॥ जोगी के करता डोलै सैर छलैगा नारि पराई॥ ये
छल की हैं बात अंग में भसम रमाई॥ जोगी के कब तनें
लीनी मोल हमें बांदी बतलाई॥ झोली ल्यूंगी छीन करै तू
बहुत बड़ाई॥ दोहा॥ धारा नगर सुथान है वहां किया
तेरा मोल॥ मन दिलगीरी ना करी तौ कंचन दीये तोल॥
चौबोला॥ बांदीरी कंचन दीये तोल मोल जब तुम को
लीनी॥ ये राजों की रीति बहन के सोभै दीनी॥ बांदीरी आ
ज लियें मैंने जोग बहुत तेरी सेवा कीनी॥ है मेरी बहन मि
लाय फिरैं क्यौं मति की हीनी॥ दोहा॥ सूरत को निरखै खड़ी
पदम जो कुल के पाय॥ नैंनन भरि भरि रोवती तो बगद महल
में जाय॥ चौबोला॥ प्रभु जी बगद महल में जाय सुनहु चं

पादे रानी ॥ जोगी आये द्वार कोई कुदरत की बानी ॥ रानीजी चल कर दरशन करो यही मेरे मन मानी ॥ नहिं सूरत रमिजाइ फिरै जोगी सैलानी ॥ जवाब रानी चंपा दे का बांदी से दोहा करि करि भंगवा कापड़ा राखैं जोगी भेक ॥ यों दुनियाँ संसार है तो ऐसे फिरैं अनेक ॥ चौबोला ॥ बांदीरी ऐसे फिरैं अनेक रूप वे जग को मोहैं ॥ कोई साहब के लाल मढी बिच बैठे सो हैं ॥ बांदीरी कोई मुनि बनि जाय अंत दुनियां को मोहै ॥ वे जोगी अब नाहिं दरश जिन का वी होहै ॥ दोहा ॥ सूरति मूरति मोहिनी चंदन दिये शरीर ॥ पाय पदम मुख चंद्रमा तो गोपी चंद उनिहार ॥ चौबोला ॥ रानी जी गोपी चंद उनिहार पार जिन का नहीं पावै ॥ कंचन बने शरीर द्वार पर अलख जगावै । रानी जी लेना नाहीं भीख बहुत करि तुम्हैं बुलावै ॥ चल कर दरशन करो बचन ऐसे समझावै ॥ दोहा ॥ तू बांदी रण वास की तो बकती फिरै गवारि ॥ जिभ्या लूंगी काटि के तो बैठि रहो मन मारि ॥ चौबोला ॥ बांदीरी बैठि रहो मन मारि बहुत तू करै जवानी ॥ खाये हैं मेरे माल फिरै तू मस्त दिवानी ॥ बांदीरी गोपी चंद मेरा बीर घरैं सोलह सौ रानी ॥ इक छत्र जिन का राज रहै ना जग में छानी ॥ दोहा ॥ कर जोरैं अरज़ी करैं बोली बचन बनाय ॥ सूरति पै छवि छा रही पदम जो झलकत पाय ॥ चौबोला ॥ रानी जी पदम जो झलके पाय भेष जिन अधिक बनाये ॥ है कोई राजकुवार खड़े हैं बदन छिपाये । रानी जी लेना नाहीं भीख बहुत कर तुम्हैं बुलाये ॥ बीस बिसे तेरा बीर आज मिलने को आये ॥ दोहा ॥ चंपा दे रानी चली भर मोतिन का थाल ॥ ड्योढ़ी पै ठाड़ी कहै तो ले जोगी के लाल चौबोला ॥ प्यारे जी ले जोगी के लाल भीख मैं तुम को लाई ।

क्यौं ठाड़े दिलगीर दूर से अरज़ लगाई ॥ प्यारेजी कोन पिता
के पूत कोन तेरी है माई ॥ कोन तुम्हारा देश कहां को सुरति
उठाई ॥ जबाव राजा गोपी चंद का बहन चंपादे से ॥
दोहा ॥ कंकर पत्थर सब तजे मैं समझाऊं तोहि ॥ भोजन होइ
तो ल्याय दे तो खुधा व्यापी मोहि ॥ चौबोला ॥ बाईजी खुधा
व्यापी मोय तेरी आसा करि आये ॥ हीरा मोती लाल हमें क
छु ना हि सुहाये ॥ बाईजी माय दिया उपदेश सोच मन में नहिं
ल्याये ॥ सब छांड़े परिबार गुरुन से ध्यान लगाये ॥ दोहा ॥
सदा किसी की ना रही सांची करके जान ॥ चार घड़ी गम खाइ
ये तो गोपी चंद की आन ॥ चौबोला ॥ प्यारेजी गोपी चंद की आन
तुम्हें मैं भोजन ल्याऊं ॥ करूं रसोई त्यार महल में बैठ जिमाऊं ॥
जोगी के तेरी सूरत मेरा बीर वचन सत के समझाऊं ॥ जो तू भूख
जाय बखत ऐसा नहीं पाऊं ॥ दोहा ॥ रहे बदन मुरझाय कर तो
बोले वचन बनाय ॥ हम हीं बहन तेरे बीर हैं तू किस की सौगंद खा

य॥ चौबोला॥ बाईजी किस की सौगंद खाय तेरे बीरन कह लावैं॥ करम लिखा मेरे जोग द्वार तेरे अलख जगावैं॥ बाईजी माय दिया उपदेश सोच मन में नहिं ल्यावैं॥ गोपीचंद मेरा नाम बचन सत के समझावैं॥ दोहा॥ तू जोगी छलिया फिरै कोन मिलै है बूत॥ किस राजा के दोहते किस राजा के पूत॥ चौबोला॥ प्यारेजी किस राजा के पूत नाम माता कोलीजै॥ कैसे साधे जोग सोई हम को कह दीजै॥ प्यारेजी बोलो बचन सम्हार बात छल की नहीं कीजै॥ गोपी चंद मेरा बीर राज धारा का कीजै॥ दोहा॥ पिता तिलक चंद्राव है हम गोपी चंद जान॥ मैंनावंती माय है तो नाना गंधप सेन॥ चौबोला॥ बाईजी नाना गंधप सेन बहन चंपा दे मेरी॥ आपे हैं तेरे द्वार करी बंगाले फेरी॥ बाईजी घर घर अलख जगाय कहूं मैं बात भुतेरी॥ खुद्या व्यापी मोहि करी मैंने आसा तेरी॥ दोहा॥+ छल बल हम से मति करै बोलि जी बचन सम्हा[illegible] नाम पिता का देशा मैं तो जानत सब संसार॥ चौबोला॥ प्यारेजी जानत सब संसार जगत में आय जस लीये॥ हो गये मुलक निहाल ब्याह मेरे जा दिन कीये॥ प्यारेजी जब जानूंगी बीर कहा मेरी सोभै दीये॥ हम को देहु बताय छान जैरे अम्रत पीये॥ दोहा॥ पिता तिलक चंद्राव ने मन में किया विचार॥ पंडित लिये बुलाय कै तो बैठे आसन मार॥ चौबोला॥ बाईजी बैठे आसन मारि लगन की करी तयारी नौ घोड़ा दश ऊंट सजे हाथी अंबारी॥ बाईजी जा दिन चढ़ी बरात दिये मैंने चीर हज़ारी॥ बांदी राज कुमारि हुई सोभै में न्यारी॥ दोहा॥ धारा नगर सुथान है बसै छत्री सौ जान॥ कै मेरे बसैं परोस में कै मेरी गये बरात॥ चौबोला॥+

प्यारेजी कै मेरी गई बरात पिता घर नौबत बाजे॥ सोभा आ
ये देखि किये हम से छल आजे॥ प्यारेजी गोपीचंद मेरा बीर
पांव में पदम बिराजे॥ कंचन बने शरीर चंद्र माथे पर साजे।
दोहा॥ कर जोरैं अरज़ी करैं ठाढ़े एक ही पाय॥ तेरैं तो इत-
बारना हम कहते समझाय॥ चौ॰ बाईजी हम कहतेसमझाय
नगर धारा में बासे॥ तपे धरम का राज बैठि जहां गद्दीखासे
प्रभुजी किये गुरुन को याद पाव में पदम पहासे॥ कंचन ब
ने शरीर चंद्र माथेपर राजै॥ दोहा॥ सूरत को निरखै ख-
ड़ी शोभा कही न जाय॥ लिये कुवर पहचानि कै तो गिरी त
मारे खाय॥ चौबोला॥ प्रभुजी गिरी तमारो खाय कुवर
चंपादे रानी॥ रोवत जारवेज़ार बहे नैंनन से पानी॥ भैया
रे सुख में साधा जोग ऐसी क्या मन में जानी॥ परी धरनि
में जाय निकल गया जी सैलानी॥ दोहा॥ गोपीचंद राज
खड़े दोऊ कर मीडे हाथ॥ कागद होय तो मेट दूं करम न
मेटा जात॥ चौबोला॥ प्रभुजी करम न मेटा जात नयन
भरि भरि कें रोवै॥ बहन मरी बेहाल जगत में हुए बिगोवै।
प्रभुजी जा दिन से लिये जोग नींद भरि कभी न सोवैं॥ करैं गु
रुन को याद जोग मेरे यों ही खोवैं॥ अथ बारता॥ जब
राजा गोपी चंद ने बंगाले में महा दुख पाया तो बड़ी आधी
नता से गुरुजी से अपनी अरज़ कीनी कि हे दीन दयाल ऐसे
संकट में मेरी सहाय करे॥ तब गुरुजी ने अपनी गुफ़ा में
आवाज़ सुनी कि राजा गोपीचंद पर बंगाले में बड़ा कष्ट पड़
रहा है॥ जब गुरुजी यह सुनते ही एक घड़ी के बीच में बं
गाले में आय पहुंचे और गोपी चंद के पास जाय कर खड़े
खड़े हंसि रहे हैं तब जाना कि चेला बहुत जिज्ञासु तब बोले

जबाव गुरू जी का राजा गोपीचंद से दोहा ॥ कानभन क गुरु के पड़ी कुवर करै अरदास ॥ छांड़ि गुफ़ा जोगी चले- तो आन खड़े हैं पास ॥ चौबोल्ला ॥ चेला जी आन खड़े हैं पास कुवर बरजै थी माई ॥ क्यों डाढ़े दिलगीर करी सो रवि ने चाई ॥ चेला जी चलो मढ़ी के पास अबकूं क्यों देर लगाई ॥ चलो हमारे साथ लिखी करमन की पाई ॥ जबाव राजा- गोपीचंद का गुरू जी से दोहा ॥ तुम गुरू दीन दयाल्ल हो लज्जा थारे हाथ ॥ कै मेरी बहन जिवाय दे नहीं मरूं ब- हन के साथ ॥ चौबोला ॥ गुरुजी मरूं बहन के साथ जो- ग मेरे खंडित कीये ॥ नैंक दरद नाहिं तोहि जगत में औज स लिये ॥ प्रभुजी मेरी बहन जिवाय बचन तुम सों कह दीये ॥ नातर औटि सराप सदा नाहिं जग में जीये ॥ दोहा ॥ हँसि कर बचन सुनावते खड़े कुवर के पास ॥ जोग जुगति जानी नहीं तो अब क्यों भये उदास ॥ चौबोला ॥ चेला जी- अब क्यों भये उदास सोच मन में क्यों लाये ॥ लेहु अलख का नाम पार जिन का नाहिं पाये ॥ प्रभुजी अंगुली लई तरा प्र गुरू ने अम्रत प्याये ॥ चंपा दे के प्राण फेरि घट भीतर आये ॥ दोहा ॥ राम राम कहती उठी दोनों भुजा पसार ॥ आ बीरन मिलि लीजिये तो अब क्या करै अबार ॥ चौबोला भैया जी अब क्या करै अबार करो मिलने की त्यारी ॥ तुम गो पी चंद बीर बहन मैं तुम को प्यारी ॥ भैया जी गुरु के दरशन करो अरज़ एक सुनो हमारी ॥ मन के मिटि गये सोच लाज र ह गई तुम्हारी ॥ दोहा ॥ तुम घर राज रु पाट है हम जोगी ते रे बीर ॥ मेरे अंग भभूत है बिगड़े तेरा चीर ॥ चौबोला ॥ + भाई जी बिगड़े तेरा चीर कहां से फेरि मगावैं ॥ मो पै पैदा ना

हिं अरज़ अपनी समझावै ॥ बाईजी माय करै तेरी प्यार भावज तोहि न्योंत जिमावै ॥ हम जोगी अब धूत कोई छिन में रमि जावै ॥ दोहा ॥ आगानि लगाऊं राज में दूंगी चीर जलाय ॥ तुम से बीरन और कें तो मिलें न दूजी बार ॥ ६ चौबोला ॥ भैयाजी मिलें न दूजी बार तेरी सूरत परवारी। तुमें दिया उपदेश मरी क्योंना महतारी ॥ भैयाजी घर सोलह सौ नारि तजी वे सुख में न्यारी ॥ नैक न राखे मोह आज तैंने बहन विसारी ॥ दोहा ॥ बिन साहिब की बंदगी तेरी सकति न होय ॥ लछमन औसर जात है फिर मिलना नहिं होय ॥ दोहा + ॥ गुरु की आज्ञा पाय कै दोनों भुजा पसार ॥ गोपीचंद राजा मिले तो यों मिलियो संसार ॥ ६

चौबोला

प्रभुजी यों मिलियो संसार विरह से बहन मिलाई ॥ कर जोरे एक पांव बहन अपनी समुझाई ॥ बाईजी जा अपने घर बैठ भई सो रचि नेचाई ॥ हम को होत अबेर लिखी करमन की पाई ॥ दोहा ॥ बैठ रहियो महल में तो काहे लगा बियोग ॥ धूनी दूंगी डारिकें तो बैठे साधो जोग ॥ चौबोला ॥ भैयारे बैठे साधो जोग हमें तुम दर्शन दीज्यो ॥ बूंटी दूंगी छान बैठि कर यहां हीं पीज्यो ॥ भैयारे सेवा करूं बनाय सोच मन में ना कीज्यो ॥ जै टिकने के नाहिं संग बहुएन्न को लीज्यो ॥ दोहा ॥ मंदिर तेरा काचका सब धूआं लग जाय ॥ धूनी डारो महल में तो राजा बहुत रिसाय ॥ चौ॰ ॥ बाईजी राजा बहुत रिसाय कहां से जोगी आये ॥ गाली तुमको देय महल में क्यों बैठाये ॥ बाईजी हम को आवै लाज नाहक में नाम धराये ॥ तुम घर भोगो राज हमें अब जोग सुहाये ।

दोहा ॥ राजा की सम माय दूं सेवा करूं बनाय ॥ आठ पहर तेरे ढिग रहूं तो भोजन देऊं जिमाय ॥ दोहा ॥ देश देश रमते फिरैं सात दीप नौ खंड ॥ फिर कर पीछा देखिलो तो अगनि भई परचंड ॥ चौबोला ॥ बाई जी अगनि भई परचंड महल की जरत अटारी ॥ राजा बहुत रिसाय भई सब कंचन कारी ॥ प्रभु जी बहराल फेरी पीठि किये ऐसे छल भारी ॥ रोवत छांड़ी बहन मिटी दोउ सूरत प्यारी ॥

दोहा

॥ गुरु जालंधर सुमिरि के भये मढी के पास
लछमन की आधीनता पूरण हो गई आस

चौबोला

प्रभु जी पूरण हो गई आस मिले जब सतगुरु खासे
सुनो सभी चित लाय रहे ना भूखे प्यासे ॥
माता जी धन्य सरस्वती माय सोई हिरदे परगासे
लछमन है आधीन मिटे सब संकट सांसे ॥

इति श्री लछमन दास कृत राजा गोपीचंद लीला संपूर्ण

मिती फाल्गुण कृष्ण
द्वितीया
संवत् १९२६ ॥

दोहा

नृप प्रताप तैं देश में रहै दुष्ट नहिं कोइ ॥
प्रगटत तेज दिनेश को तहां तिमिर नहिं होइ
बीर पराक्रम ते करै भुव मंडल को राज ॥
जोराबर यातें करत बन अपनो मृग राज ॥

दोहा ॥ निस दिन खटकत तनक तन परै जु आँखिन माहिं तिन सें सज्जन राखिये सो छिन खटकत नाहिं ॥ दोहा ॥ सजन बचावत कष्ट ते रहै निरंतर साथ ॥ नैंन सहाई ज्यौं पलक देह सहाई हाथ ॥ १ ॥ जहां सनेही तहां रहत भ्रमत भ्रमत मन आय ॥ फिरत कटोरी मंत्र की चोरी पै ठहराय ॥ दोहा ॥ प्राण पियारे के दरश हिय तें बढ़त हुलास ॥ फैलत लगे बयारि तें ज्यौं फूलन में वास ॥ २ ॥ सुनत श्रवण पिय के बचन हिय विकसै हित पागि ॥ ज्यौं कदंव बरषा समैं फूलन बूंदनि लागि ॥ ३ ॥ औछीमति युवतीन की कहैं विवेक भुलाय ॥ दशरथ रानी के बचन बन पठये रघुराय ॥ ४ ॥+

कवित्त

दूरि जदुराई सैना पति सुखदाई रितु पावस की आई नहीं पाई प्रेम पतियाँ ॥ धीर जलधर की सो सुनि धुनि धर की सो दरकी सुहागिन की छोह भरीं छातियाँ ॥ आई सुधि बर की सो हिये आनि करकी कहां जु प्राण प्यारे वह प्रीति भरीं बतियाँ ॥ बीती औध आवन की लाल मनभावन की डग भई बावन की सावन की रतियाँ ॥ सवैया ॥ आवते गाढ़ असाढ़ के बादर मो तन में अति आगि लगावते ॥ गावते चाइ चढ़े पपिहा जनि मोसों अनंग सौं बैर बंधावते ॥ धावते बारि भरे बदरा कब श्री पति जू हियरा डर पावते ॥ पावते मोहि न जीवते प्रीतम जौ नहिं पावस मैं घर आवते ॥ १ ॥ आई रितु पावस न आये प्राण प्यारे यातें मेघन बरजु आली गरजन लावैं ना ॥ दादुर हटकि बाकि बाकि कैं न फोरैं कान पिक न फटाकि मोहि सबद सुनावैं ना ॥ बिरह बिथा तैं हौं तो व्याकुल भई हौं देव जुगुनू चमाकि चित चिनगी उठावैं ना ॥ चातक न

गावैं मोर सोर ना मचावैं घन घुमरिन छावैं जौलौं लाल घर आवैं ना ॥ कवित्त ॥ घेरि घेरि घन आये छाय रहे चहुं ओर कौन हेत प्रान नाथ सुरति विसारी है ॥ दामिनि दमकि जैसी जुगनू चमक तैसी नभ मैं विशाल बग पंगति संवारी है ॥ ऐसी समैं व्रज चंद धीरना धरत नैंक विरह विथा नैं होत व्याकुल पियारी है ॥ प्रीतम पियारे नंदलाल विन हाय यह सावन की रात किधौं द्रौपदी की सारी है ॥ १ ॥ ऐसी रूरी बूंदन में दूंदन उठायो काम मूंदे मुख पियारी बनी गूंदे ना बहरि कें। कहै कवि शिवनाथ झिल्लीगन गाजत हैं सावन में बहै रस लहरी छहरि कें ॥ ऊनरी सुकंजदुति दूनरी दृगन बाढ़ी झूनरी कहाति सांरू जूनरी गहरि कें॥ ऊनरी घटा पै गोरी तूनरी अटा पै बैठ खूनरी करैगी लाल चूनरी पहरि कें ॥ २ ॥ जोवन प्रवेश में विदेश मद सूदन जी निपट अंध्यारी कारी सावन की जामिनी ॥ एकटक रटत पपीहा पिक नील कंठ हियो चमकत दमकत जब दामिनी ॥ सूनी सेज मंदिर में सुंदरि विसूरै बैठी प्रीतम सुजान विन कैसे जिये भामिनी ॥ नैंन भरि २ ढरैं सुख हरैं हरि करैं उझरि उझरि परै काम भरी कामिनी ॥ ३ ॥

इति कवित्त संपूर्ण

डेरा जीउनी मंडवी राधा कृष्ण जो नाम
उदर हेत उद्यम करै लेखक का ये काम
गोपी चंद लीला लिखी अर्गल पुर के माहि
माघ सुदी पून्यों दिना पूरण करी जो ताहि
संबत् १९२६
शुभम् 57
1869

قصہ رمن شاہ
سکندر شاہ بادشاہ کے
بیٹے کا
सिकंदर शाह पातशाह
के
शाहजादे रमन शाह का
किस्सा
قیمت فی جلد

श्रीगणेशायनमः॥

सिकंदरशाह पातशाह

के शाहज़ादे रमन शाह का

किस्सा

एक सिकंदर पात शाह था जिसकें औलाद नहीं होतीथी तव एकरोज शुव्हू के वख़्तशाह के सिर आमखास में कुरसी पर आय वैठा था इतने में उधर से साम्हने ही एक झारू वकस भंगिन आय निकली तव उधर से पात शाह का देखना हुआ इधर से झारू वकस का देखना हुआ चार चस्में दोनों की हुई तव झारू वकस ने पात शाह कोभी न सलाम करी लेकिन हज़रत की तरफ़ देखि कर भौंहे चढ़ाई कुछ जीमें दिलगीर होय चलीगई। तव पातशाह अपने दिल में कहने लगा कि मैं दुनियां का पातशाह हूं जो शुव्हू के वख़्त मेरा मुह देखै तो सवा पहर कनचनवरसे। सो झारू वकस मेरा मुह देख भौंहे मरोंरी। और दिलगीरी लई इसका सवव क्याहै। एसा मुरु में क्या खोट जाना तव पात शाह अपने दिल में विचारा कि और तो मुरु में कुछ एव नहीं ले-

